web Ñ www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480|| Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 14 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-282

# मिशन चंद्रयान-2: सोमवार तड़के 2:51 बजे होगा लॉन्च, तैयारियां पूरी



**नई दिल्ली।** भारत सोमवार को अपने महत्वाकांक्षी स्पेश मिशन चन्द्रयान-2 को लॉन्च करने जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के चेयरमैन डॉक्टर के. सिवन ने शनिवार को बताया कि हम 15 जुलाई को तड़के 2351 बजे अपने सबसे प्रतिष्ठित मिशन चन्द्रयान-2 को लॉन्च करने जा रहे हैं। इस मिशन के लिए भारत के सबसे ताकतवर रॉकेट GSLV MK-3 का इस्तेमाल होगा। सफल लॉन्चिंग के बाद चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-2 के लैंड करने में करीब 2 महीने का वक्त लगेगा। मिशन सफल रहा तो चंद्रयान-2 के 6 सितंबर को चांद की सतह पर उतरने की संभावना है।

चंद्रयान-2 मिशन की खास बात यह है कि इस बार यह चांद की सतह पर उतरेगा। 2008 में लॉन्च हुआ चंद्रयान-1 चंद्रमा की कक्षा में गया जरूर था लेकिन वह चंद्रमा पर उतरा नहीं था। उसे चांद की सतह से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित कक्षा में स्थापित किया गया था।

चंद्रयान-2 मिशन पर कुल 978 करोड़ रुपये की लागत आई है। करीब एक दशक पहले चंद्रयान-1 ने चांद की सतह पर पानी की खोज की थी, जो बड़ी उपलब्धि थी। यही वजह है कि भारत ने दूसरे मून मिशन की तैयारी की। चंद्रयान-2 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा जहां उम्मीद है कि बहुतायत में पानी मौजूद हो सकता है।

चंद्रयान-2 मिशन के तहत चांद की सतह पर एक रोवर को उतारा जाएगा जो अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा। रोवर चांद की मिट्टी का विश्लेषण करेगा और उसमें मिनरल्स के साथ-साथ हिलियम-3 गैस की संभावना तलाशेगा, जो भविष्य में ऊर्जा का संभावित स्रोत हो सकता है।

चंद्रयान-2 पर कुल 14 पेलोड होंगे, जिनमें 13 भारतीय और एक NASA का पेलोड है। ऑर्बिटर पर 8, लैंडर पर 4 और रोवर पर 2 पेलोड होंगे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी NASA का इकलौता पेलोड लैंडर पर होगा। चंद्रयान-2 के 3 हिस्से हैं- ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर। इनका कुल वजन 3.8 टन है। ऑर्बिटर वह हिस्सा होता है, जो संबंधित ग्रह/उपग्रह की कक्षा में स्थापित होता है और जो उसका परिक्रमा करता है। किसी स्पेस मिशन में लैंडर वह हिस्सा होता है जो रोवर को संबंधित ग्रह/उपग्रह की सतह पर उतारता है। रोवर का काम सतह पर मौजूद तत्वों का अध्ययन करना है।

**ऑर्बिटर:** ऑर्बिटर का वजन 3500 किलो और लंबाई 2.5 मीटर है। यह चांद की सतह से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर उसकी परिक्रमा करेगा। यह अपने साथ 8 पेलोड लेकर जाएगा। ऑर्बिटर और लैंडर धरती से सीधे संपर्क करेंगे लेकिन रोवर सीधे संवाद नहीं कर पाएगा।

**लैंडर:** लैंडर का नाम रखा गया है विक्रम। इसका वजन 1400 किलो और लंबाई 3.5 मीटर है। इसमें 3 पेलोड (वजन) होंगे। इसका काम चंद्रमा पर उतरकर रोवर को रिलीज करना होगा।

**रोवर:** इसका नाम है प्रज्ञान, जिसका मतलब है बुद्धि। इसका वजन 27 किलो होगा और लंबाई 1 मीटर। इसमें 2 पेलोड होंगे। यह सोलर एनर्जी से चलेगा और अपने 6 पहियों की मदद से चांद की सतह पर घूम-घूम कर मिट्टी और चट्टानों के नमूने जमा करेगा। यह 1 सेंटीमीटर/सेकंड की रफ्तार से चलेगा और कुल 500 मीटर कवर करेगा। इससे चांद की सतह के तत्वों का अध्ययन हो सकेगा।

**कब तक चलेगा मिशन?**

15 जुलाई को लॉन्चिंग के बाद 6 सितंबर को चंद्रयान के चांद की सतह पर उतरने की उम्मीद है। वहां लैंडर और रोवर 14 दिनों तक ऐक्टिव रहेंगे। ऑर्बिटर 1 साल तक ऐक्टिव रहेगा और चांद की कक्षा में चक्कर लगाता रहेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 'नमस्ते गैंग' का सदस्य इकरार अहमद गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस के विशेष सेल ने 'नमस्ते गैंग' के सदस्य एवं महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (एमसीओसीए) के अंतर्गत आरोपों का सामना कर रहे लुटेरे इकरार अहमद को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लुटेरे इकरार को तीस हजारी अदालत के समीप गिरफ्तार किया गया। इकरार (36) दिल्ली के न्यू मुस्तफाबाद का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इकरार कुख्यात 'नमस्ते गैंग' का सदस्य है और एमसीओसीए मामले में वांछित है। वह राष्ट्रीय राजधानी में लूट के कई मामलों में आरोपी है। वह वर्ष 2017 में एक पुलिसकर्मी पर जानलेवा मामले में भी वांछित है। पुलिस ने बताया कि वह इससे पहले लूट, स्नैचिंग के दो दर्जन से अधिक आपराधिक ममालों में संलिप्त रहा है।

### सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को तोहफा देने की तैयारी में सरकार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अपनी दूसरी पारी में हर वर्ग को खुश करने में जुटी मोदी सरकार केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को तोहफा देने की तैयारी में है। ये तोहफा है हेल्थ बीमा योजना का। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक योजना का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। योजना के दायरे में आने वाला हर व्यक्ति सरकार द्वारा तय किए गए अस्पतालों में अपना और अपने परिवार का इलाज करा सकेगा। इस योजना के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे लोकसभा में बयान भी दे चुके हैं। दरअसल योजना का लाभ लेने के लिए कर्मचारियों और पेंशनर्स को 8 से 12 हजार रुपए सालाना प्रीमियम देना होगा। ये प्रीमियम कर्मचारियों के वेतन स्केल के मुताबिक तय किया जाएगा। हालांकि इस प्रीमियम में सरकार कुछ सब्सिडी भी दे सकती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के 2010 के पत्र के अनुसार, इस हेल्थ बीमा योजना के तहत कर्मचारी, उसकी पत्नी, दो बच्चे और कर्मचारी पर निर्भर माता-पिता लाभान्वित होंगे। इसी तरह पेंशनर, उसकी पत्नी, कर्मचारी पर निर्भर दो बच्चे और माता-पिता योजना का लाभ ले सकेंगे।


### दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा से भ्रष्टाचार के मामले में होगी पूछताछ

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा से सोमवार को भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ की जाएगी। मामले में अभी तक जिन आरोपियों से पूछताछ की गई है, उन्होंने जुमा के खिलाफ ठोस सबूत पेश किए हैं। 'अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस' (एएनसी) के सिरिल रामफोसा ने 2018 में जुमा को सत्ता से बाहर कर उनके नौ साल के शासन पर अंकुश लगाया था। जुमा पर उनकी निगरानी में देश के धन की बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल का आरोप है। उन्होंने हालांकि सभी तरह की अनियमितताओं के आरोपों से इनकार किया है। वहीं उनके वकील ने इस जांच को उनकी छवि को धूमिल करने और उनको शर्मिंदा करने का एक प्रयास करार दिया है।

### मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार को सुको का नोटिस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को दिये आरक्षण के मामले में बंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने से शुक्रवार को इंकार कर दिया, लेकिन इस संबंध में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दायर करने को कहा है। सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ श्री जयश्री लक्ष्मण राव पाटिल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। बंबई हाईकोर्ट ने मराठा समुदाय को आरक्षण दिये जाने को सही ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस समय उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक नहीं लगा रहा है, लेकिन राज्य सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में इस मामले में जवाब देने

## अलगाववादियों के बंद के चलते रोकी गई अमरनाथ यात्रा



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों के बंद का असर अब अमरनाथ यात्रा पर भी दिखाई दे रहा है. अलगावादियों की धमकी के बीच अमरनाथ यात्रा को एक दिन के लिए रोक दिया गया है. शनिवार को जम्मू-कश्मीर से अमरनाथ की ओर जाने वाले जत्थे को आगे जाने से रोक दिया गया. गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों ने एक दिन का बंद बुलाया है.

अलगाववादियों के बंद के आवाह्न को देखते हुए अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. घाटी में अमरनाथ यात्रा के रास्ते पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं. भारतीय सेना लगातार चप्पे-चप्पे पर नजर जमाए हुए है. कई इलाकों में ड्रोन से नजर रखी जा रही है. अलगाववादियों के बंद को देखते हुए सुरक्षाबलों को अलग-अलग गाड़ियां न ले जाने की भी हिदायत दी गई है. इसी के साथ सुरक्षाबलों को कश्मीर के आंतरिक इलाकों में भी न जाने की सलाह दी गई है. अलगावादियों के बंद के कारण सभी दुकानें बंद है और सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है.

इससे पहले हिजबुल आतंकी बुरहान वानी की बरसी पर भी अमरनाथ यात्रा को सुरक्षा के मद्देनजर रोक दिया गया था. बुरहान वानी की मौत के बाद घाटी में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे. इसके बाद सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच कई दिनों तक संघर्ष चला, जिसमें 85 लोग मारे गए.

## संसद से गांव गांव तक पहुंचाएं स्वच्छता अभियान

**» लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में संसद परिसर में शनिवार को दो दिवसीय स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गयी। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने सभी जन प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे इस अभियान को देश के गांव-गांव तक पहुंचाएं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर समेत कई मंत्री और हेमा मालिनी, हंसराज हंस, सुशील कुमार सिंह सहित सांसद शामिल हुए। संसद परिसर में रविवार को भी स्वच्छता अभियान जारी रहेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में साफ-सफाई के बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प दिलवाया। इस दौरान अपने सम्बोधन में ओम बिरला ने कहा कि स्वच्छता देवत्व तुल्य होती है और इससे समाज स्वस्थ होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज में स्वस्थ आत्मा का वास होता है और जब यह भावना हर व्यक्ति में पैदा होगी, उस दिन यह अभियान सही मायने में सार्थक साबित होगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान को संसद से सभी सदस्यों के जरिए गांव-गांव तक पहुंचाना है। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर देश के 130 करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी सांसद इस नई शुरुआत को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आह्वान किया था कि देश के सभी शहरों को स्वच्छ करना है।

## भाजपा सरकार की नीति के कारण लोग हो रहे मॉब लिन्चिंग का शिकार : मायावती



**लखनऊ (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मॉब लिन्चिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीति की देन के कारण सर्वसमाज के लोग इसका शिकार हो रहे हैं। उन्होंने शनिवार को ट्वीट के माध्यम से लिखा कि मॉब लिन्चिंग एक भयानक बीमारी के रूप में देश भर में उभरने के पीछे वास्तव में खासकर बीजेपी सरकारों की कानून का राज स्थापित नहीं करने की नीयत व नीति की ही देन है जिससे अब केवल दलित, आदिवासी व धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोग ही नहीं बल्कि सर्वसमाज के लोग व पुलिस भी शिकार बन रही है।

उन्होंने आगे लिखा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद केन्द्र को गम्भीर होकर मॉब लिन्चिंग पर अलग से देशव्यापी कानून अब तक जरूर बना लेना चाहिये था लेकिन लोकपाल की तरह मॉब लिंचिग के मामले में भी केन्द्र उदासीन है व कमजोर इच्छाशक्ति वाली सरकार साबित हो रही है। ऐसे मे यूपी विधि आयोग की पहल स्वागतोग्य है।

ज्ञात हो कि विधि आयोग के अध्यक्ष (सेवानिवृत्त) आदित्य नाथ मित्तल ने मॉब लिन्चिंग की रिपोर्ट के साथ तैयार मसौदा विधेयक उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष पेश किया है। इस 128 पत्रों की रिपोर्ट में प्रदेश में मॉब लिन्चिंग के अलग-अलग मामलों का जिक्र है। इसमें 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई सिफारिशों के आधार पर कानून को तत्काल लागू करने की संस्तुति की गई है। आयोग ने रिपोर्ट में इस बात का खासतौर पर जिक्र किया है कि वर्तमान कानून मॉब लिन्चिंग से निपटने में सक्षम नहीं है। ऐसी दुस्साहसिक घटनाओं के लिए एक अलग कानून होना चाहिए।

## होटल पर आतंकवादी हमला, 6 की मौत, 50 घायल



**मोगादिशु।** सोमालिया के दक्षिणी बंदरगाह किसमायो में एक होटल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 50 अन्य घायल हो गए हैं। यह हमला शुक्रवार को किया गया। स्थानीय अधिकारियों के हवाले से मीडिया ने यह जानकारी दी है।

जुब्बल प्रांत के सुरक्षा बलों के प्रवक्ता अबी नूर इब्राहिम हुसैन कहा, सशस्त्र आतंकवादियों ने होटल पर विस्फोटकों से भरी एक कार से टक्कर मारी और उसमें विस्फोट कर दिया।

हुसैन ने कहा कि आतंकवादी विस्फोट करने के बाद होटल में घुस गए। सुरक्षा बल और आतंकवादियों के बीच होटल के अंदर मुठभेड़ जारी है, हमले में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। खबरों के अनुसार अल कायदा से सम्बद्ध आतंकवादी संगठन अल शबाब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

यह होटल स्थानीय नेता के बीच काफी लोकप्रिय माना जाता है।

हमले में मारे गए अधिकांश लोग नागरिक है। इनमें दो पत्रकार और एक प्रांतीय प्रमुख उम्मीदवार शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने इस्तीफों पर फैसले हेतु स्पीकर को दिया वक्त

**» कर्नाटक संकट**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक में बागी विधायकों के कदम के बाद पैदा हुए राजनीतिक हालातों के बीच आज कांग्रेस-जेडीएस के बागी विधायकों और कर्नाटक विधानसभा के स्पीकर की दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मंगलवार तक यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया है। तब तक स्पीकर ना तो विधायकों के इस्तीफे पर और ना ही अयोग्य करार होने पर फैसला ले सकते हैं। अभिषेक मनु सिंघवी की तरफ से अदालत को बताया गया है कि सभी बागी विधायकों ने वीडियो में ये स्वीकार किया है कि उन्होंने स्पीकर को मिलकर इस्तीफा नहीं सौंपा है। सिंघवी द्वारा अदालत को स्पीकर रमेश कुमार का हलफनामा और विधायकों का वीडियो दे दिया गया है। विधायकों ने ये भी स्वीकार किया है कि जब स्पीकर अपने दफ्तर से जा चुके थे, तब वो लोग इस्तीफे के बाद बात करने पहुंचे थे। दूसरी ओर स्पीकर की तरफ से पेश हुए अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अभी विधायकों पर सदस्यता खत्म करने का भी मामला चल रहा है, ऐसे में इस्तीफे की बात कहां से आ सकती है।

इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने उसी दिन स्पीकर को इस्तीफों पर फैसला लेने को कहा था। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुआई वाली बेंच ने संबंधित पक्षों की दलीलों को सुना। बागी विधायकों के वकील मुकुल रोहतगी ने स्पीकर पर जानबूझकर इस्तीफों पर फैसले में देरी का आरोप लगाया।

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक में कांग्रेस-जद (एस) के दस बागी विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष से शाम छह बजे मुलाकात करने और इस्तीफा देने के अपने निर्णय से अवगत कराने की अनुमति प्रदान कर दी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की पीठ ने कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष से कहा कि वह इन विधायकों के इस्तीफे के बारे में आज ही निर्णय लें। पीठ ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा लिये गये फैसले से शुक्रवार को अवगत कराया जाये जब न्यायालय इस मामले में आगे विचार करेगा।

## शाहदरा के झिलमिल इंडस्ट्रियल इलाके में रबड़ फैक्ट्री में भीषण आग, 3 की मौत



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वी दिल्ली के झिलमिल इलाके से बड़ी खबर आ रही है। झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक रबर फैक्ट्री में भीषण आग लगी है। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। पहले खबर आई थी कि इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है लेकिन दमकल विभाग की तरफ से दोबारा बताया गया कि पांच नहीं बल्कि तीन लोगों की ही मौत हुई है. फिलहाल फायर ब्रिगेड की 26 गाड़ियां घटनास्थल पर मौजूद हैं और आग बुझाने का काम कर रही हैं. मिली जानकारी के मुताबिक, आग में फैक्ट्री के कई कर्मचारी फंसे हुए हैं. राहत एवं बचाव कार्य के दौरान कई लोगों को निकाला गया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है. दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शाहदरा के झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया में आग सुबह 9 बजे लगी. गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को ही दिल्ली के बसई दारापुर के ईएसआई अस्पताल में आग लग गई. आग अस्पताल के तीसरी मंजिल पर बने ऑपरेशन थिएटर की सीलिंग में लगी थी. दमकल विभाग के मुताबिक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. हालांकि शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है.

## वर्ष 2022 तक दोगुनी होगी किसानों की आय, कृषि निर्यात भी दोगुना: सीतारमण



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि क्षेत्र की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आज कहा कि वर्ष 2022 तक न केवल किसानों की आय को दोगुना किया जायेगा बल्कि कृषि निर्यात को भी दोगुना किया जायेगा। सीतारमण ने राज्यसभा में वर्ष 2019-20 के बजट पर 12 घंटे से अधिक चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार कृषि निर्यात को बढ़ावा देने पर कार्य कर रही है। कृषि के क्षेत्र में निवेश बढाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कैबिनेट कमेटी का गठन किया गया है जिससे इस क्षेत्र में सुधार हो।

उन्होंने कहा कि कृषि में चुनौती है जिसे अलग अलग तरीके से हल करने के प्रयास किये जा रहे हैं। यह चुनौती वर्ष 2014 में नहीं उभरी है बल्कि यह दशकों से बनी हुयी है। वर्ष 2014 के बाद कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए कई कदम उठाये गये हैं और 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए रणनीति तैयार की गयी है। किसानों की आय दोगुनी करने से संबंधित समिति ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की सिफारिश की है।